मुख्यमंत्री ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

जरूरतमंदों और महिलाओं को पिलाई गर्मा-गर्म चाय, ठंड से बचने के लिए दिए कंबल

भोपाल, 4 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार की रात भोपाल के तलैया स्थित यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क रैन बसेरे का आकस्मिक निरीक्षण किया. उन्होंने रैन बसेरे में गरीबों, जरूरतमंद, बेसहारा और यहां रात्रि विश्राम करने आए राहगीरों से आत्मीय चर्चा की. मुख्यमंत्री ने सबके हालचाल और दुःख-दर्द जाने एवं सभी को अपने हाथों से गर्मागर्म चाय पिलाकर सर्दी से बचाव के लिए गर्म कंबल भी वितरित किए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रैन बसेरा जाते समय सबसे पहले पुलिस मुख्यालय के सामने लाल परेड ग्राउंड के गेट नम्बर 4 शौर्य द्वार में उपस्थित महिलाओं और बुर्जुगों से बात की, उनकी कुशलक्षेम जानी और सभी को कंबल वितरित किए. इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव तलैया स्थित काली मंदिर पहुंचे और वहां बड़ी संख्या में उपस्थित सभी गरीबों और जरूरतमंदों को भी कंबल वितरित किए. मुख्यमंत्री द्वारा पूछने पर एक जरूरतमंद ने बताया कि वह सब्जी बेचने भोपाल आए थे, सर्दी भी तेज है और रात भी हो गई है, तो अब वे इसी मंदिर परिसर में रात बिताएंगे. कुछ ने बताया कि वे किसी जरूरी काम से आए थे, सिर्फ रात बिताने के लिए उन्होंने काली मंदिर परिसर में शरण ली है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क स्थित रैन बसेरा पहुंचे. उन्होंने रैन बसेरे में मौजूद सभी विश्रामकर्ताओं से आत्मीय चर्चा की. मुख्यमंत्री ने उनसे पूछा यहां कोई परेशानी तो नहीं है.विश्रामकर्ताओं ने कहा कि उन्हें यहां कोई भी परेशानी नहीं है. खाने और सोने की पूरी व्यवस्था है, ठंड से बचने के लिए यहां हीटर भी है. मुख्यमंत्री ने सभी से उनके यहां आकर रूकने की वजह पूछी. बताया गया कि यादातर राहगीर आगे के सफर के लिए यहां रात बिताने रूके हैं. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव रैन बसेरे में विश्राम के लिए आए सुबोध जोसेफ के पास पहुंचे. उससे बात की, तो सुबोध ने बताया कि उसकी कमर में भारी दर्द है. इलाज की जरूरत है. इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और निगमायुक्त भोपाल को सुबोध का समुचित इलाज कराने और उसकी हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने रैन बसेरे में उपस्थित सभी राहगीरों को अपने हाथों से गर्मागर्म चाय पिलाई और सभी को कंबल भी प्रदान किए. मुख्यमंत्री ने शहर के सभी रैन बसेरों और आश्रय गृहों में बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश कलेक्टर और निगमायुक्त को दिए.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्रामकर्ताओं से कहा कि सरकार गरीबों, जरूरतमंदों और महिलाओं के कल्याण के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है. किसी भी गरीब को सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा. तेज सर्दी के इस मौसम में कंबल वितरण से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली. मुख्यमंत्री ने स्वयं राहगीरों से संवाद किया और उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली. उन्होंने कहा कि सरकार समाज के वंचित वर्गों के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है. सरकार किसी भी व्यक्ति को बेसहारा नहीं रहने देगी. सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है. ठंड के मौसम में किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े, यही हमारी प्राथमिकता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सभी जरुरतमंदों को कंबल एवं गर्म कपड़े देकर सर्दी से जितना अधिक हो सके, बचने की अपील की. गरीबों, जरूरतमंदों, बेसहारा और राहगीरों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस आत्मीयता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त कर आशीष भी दिया. इस दौरान भोपाल की महापौर मालती राय, जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन, क्षेत्रीय पार्षद सहित जनप्रतिनिधि एवं जिलाधिकारी भी उपस्थित थे.

राज्यपाल पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सौजन्य भेंट

- **सीएम ने शासन की उपलब्धियों पर केंद्रित पुस्तकें की भेंट**
- **राज्यपाल और मुख्यमंत्री में हुई समसामयिक विषयों पर चर्चा**

भोपाल , 04 जनवरी . राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार की शाम लोक भवन पहुंचकर सौजन्य भेंट की. राज्यपाल पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को 13 दिसम्बर 2025 को सरकार के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने की बधाई दी. राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश शासन की उपलब्धियों पर केंद्रित पुस्तकें भेंट की और मध्यप्रदेश में बीते दो वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी भी दी.

राज्यपाल पटेल को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. इस की थीम समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश रखी गई है. बीता वर्ष उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया था. कृषि वर्ष 2026 में आरंभ की जा रही सभी गतिविधियां अगले तीन साल का लक्ष्य तय कर संचालित की जा रही हैं. किसान कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा सड्डी विभागों की सहभागिता होगी. कृषि वर्ष में किसानों को अन्य रायों एवं विदेशों में हो रहे सफल नवाचारों की जानकारी से रू-ब-रू भी कराया जाएगा. मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि विश्व आर्थिक मंच 2026 की वार्षिक बैठक 18 से 23 जनवरी 2026 में स्विट्जरलैंड के दावोस में होने जा रही है. इसका विषय ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग और अनलॉकिंग न्यू सोर्सेस ऑफ ग्रोथ है. इसमें प्रदेश में पीथमपुर जैसे ऑटो क्लस्टर्स की औद्योगिक उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा. अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट और रीवा अल्ट्रा मेगासोलर प्रोजेक्ट से राय की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता को प्रस्तुत किया जाएगा.

हिंदू सम्मेलन स्थल पर भूमिपूजन 18 को

बैरसिया. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन के सफल आयोजन के महत्वपूर्ण प्रथम चरण के रूप में रविवार को वार्ड नंबर 6 चंद्रशेखर आजाद बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ.

यहां पंडित सुरेंद्र दुबे द्वारा भूमि पूजन विधि-विधान से कराया। बता दें कि 18 को नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन होगा। इसकी तैयारियां चल रही है।

इस पूजन कार्यक्रम में संघ प्रचारक ललित शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक दुबे, प्रकाश दादा, रामनारायण सारास्वत श्याम मनोहर, वार्ड पार्षद सोनी, सुधीर शर्मा मिथलेश श्रीवास्तव जीतू शर्मा पत्रकार सहित बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे।

मप्र के राष्ट्रीय राजमार्ग की परियोजनाओं की समीक्षा दिल्ली में होगी आज

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी करेंगे अध्यक्षता

भोपाल, 04 जनवरी . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार एवं सुदृढ़िकरण को नई गति प्रदान करने 5 जनवरी को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में बैठक होगी.

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम परिसर में शाम 5 बजे होने वाली बैठक में मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा होगी. इससे केन्द्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय को और अधिक मजबूती मिलेगी. साथ ही आम नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक सड़क अवसंरचना उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा. समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहेंगे. बैठक में मध्यप्रदेश में संचालित एवं प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी. विशेष रूप से वे परियोजनाएं जो भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण एवं वन स्वीकृतियों अथवा अन्य कारणों से प्रभावित या लंबित हैं, उन पर विस्तार से चर्चा कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे निर्माण कार्यों को शीघ्र गति प्रदान की जा सके. उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत 33 कार्य तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत 28 कार्य प्रगतिरत हैं. इस प्रकार प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित कुल 61 परियोजनाएं वर्तमान में क्रियान्वयन की अवस्था में हैं. समीक्षा बैठक में वार्षिक योजना 2025-26 के अंतर्गत प्रस्तावित एवं प्रगतिरत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी, जिससे आगामी वित्तीय वर्ष में परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण एवं समन्वित निगरानी को और सुदृढ़ किया जा सके.

भाजपा नेता और लोधी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री वर्मा का निधन

रायसेन. वरिष्ठ भाजपा नेता और लोधी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र वर्मा का भोपाल एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया. वे 29 दिसंबर की रात रायसेन से राजस्थान के सीकर जा रहे थे, जब उज्जैन के बड़नगर के पास अचानक सड़क पर गाय आ गई. इससे उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. इस हादसे में भूपेन्द्र वर्मा के सिर में गंभीर चोटें आईं. कार में सवार मनीष पाल और करण सिंह मीणा को हाथ-पैरों में चोटें लगीं.

हिंदू सम्मेलन स्थल पर भूमिपूजन 18 को

बैरसिया. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन के सफल आयोजन के महत्वपूर्ण प्रथम चरण के रूप में रविवार को वार्ड नंबर 6 चंद्रशेखर आजाद बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ.

यहां पंडित सुरेंद्र दुबे द्वारा भूमि पूजन विधि-विधान से कराया। बता दें कि 18 को नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन होगा। इसकी तैयारियां चल रही है।

इस पूजन कार्यक्रम में संघ प्रचारक ललित शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक दुबे, प्रकाश दादा, रामनारायण सारास्वत श्याम मनोहर, वार्ड पार्षद सोनी, सुधीर शर्मा मिथलेश श्रीवास्तव जीतू शर्मा पत्रकार सहित बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे।

सिर्फ कागजों में शासन की योजना

जल जीवन मिशन पर करोड़ों खर्च, फिर भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध जल

सलामतपुर, 4 जनवरी. इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की मौत और 150 से अधिक के बीमार होने की घटना के बाद पूरे प्रदेश में जलापूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं. शहरी इलाकों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ पेयजल का सपना मजाक बनता नजर आ रहा है.

ताज़ा मामला सांची विकासखंड के ग्राम अंबाड़ी का है, जहाँ जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन नालियों और गटर के बीच से होकर गुजर रही है. ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन के कई स्थानों पर जोड़ खुले हुए हैं और लीकेज के कारण नालियों का गंदा पानी पाइपों में मिल रहा है, जो सीधे घरों तक सप्लाई किया जा रहा है. मजबूरी में ग्रामीण वही दूषित पानी पीने को विवश हैं. ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दी गई, लेकिन आज तक न तो पाइपलाइन बदली गई और न ही लीकेज सुधारे गए. इससे गांव में बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 2023 तक हर गांव में नल से जल पहुंचाने का संकल्प लिया था.

छेड़छाड़ का विरोध करने पर हत्या

विदिशा. विदिशा की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में शनिवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपियों ने नंदू उर्फ शुभम चौबे (22) को चाकू से गोद डाला. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई. वारदात के बाद आसपास मौजूद लोगों ने शुभम को अस्पताल पहुंचाया. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुभम एयर कंडिशनर सुधारने का काम करता था. पुलिस के मुताबिक नंदू चौबे करैया खेड़ा रोड निवासी चुन्नी और उसके साथियों को एक युवती से छेड़छाड़ करने से रोका था. मामला थाने तक नहीं पहुंचा था. शनिवार रात करीब 8 बजे चुन्नी अपने साथियों के साथ बाइक से इंद्रप्रस्थ कॉलोनी पहुंचा और शुभम को बाहर बुलाया और वारदात को अंजाम दिया.

खजुराहो-पन्ना मार्ग पर बस पलटी, 20 यात्री हुए घायल

खजुराहो, 4 जनवरी. रेलवे स्टेशन से पन्ना जा रही एक यात्री बस रविवार सुबह बमीठा थाना क्षेत्र में बड़े हादसे का शिकार हो गई. चंद्रनगर नहर के पास तेज रफ्तार बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हादसे के समय बस में करीब 30 से अधिक यात्री सवार थे.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11 बजे बस क्रमांक रूक्ष 35 क0239 खजुराहो से पन्ना की ओर जा रही थी. बताया जा रहा है कि बस ओवरलोड थी और चालक तेज गति से वाहन चला रहा था. इसी दौरान सड़क पर बने गड्ढे में बस का पहिया चला गया, जिससे संतुलन बिगड़ गया और बस पलट गई. दुर्घटना की सूचना मिलते ही बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला. हादसे में करीब 20 यात्री घायल हुए हैं. घायलों को चार एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक दर्जन से अधिक यात्रियों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है.

कार्यालय कलेक्टर जिला - भोपाल एवं समुचित सरकार
मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

प्रारंभिक अधिसूचना

दिनांक 22/12/2025

क्रमांक / 666 / भू-अर्जन / 2025 चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है, कि इसके संलग्न सूची के खाने (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है.

प्रकरण क्रमांक 05/अ-82/2025-26 चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक 1 में सुठालिया सिंचाई परियोजना तहसील - बैरसिया, जिला-भोपाल के ग्राम - धूतखेड़ी के डूब क्षेत्र के लिए वर्णित भूमि जिसका कृषकवार सर्वे कमवार विवरण अनुसूची 2 में उल्लेखित है. अतः भू-अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्र. 30 सन् 2013) की धारा-11 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची 2 की भूमि की अनुसूची 1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है. चूंकि कार्यपालन यंत्री सुठालिया परियोजना, जल संसाधन संभाग, ब्यावरा द्वारा प्रमाणित किया गया है कि परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति म.प्र. राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय) पर्यावरण योजना और समन्वय संगठन, पर्यावरण परिसर ई-5, अरेरा कॉलोनी भोपाल के पत्र क्र. 1111 / SEIAA दिनांक 03.06.2021 द्वारा जारी की गयी है. पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किये जाते समय विभाग द्वारा प्रस्तुत अंतिम ई.आई.ए/ई.एम.पी. प्रतिवेदन में भी सामाजिक समाघात निर्धारण अध्याय को सम्मिलित कराया गया था. तत्पश्चात पृथक से सामाजिक समाघात निर्धारण भी कराया जा चुका है.

-: अनुसूची (1) :-

तहसील :- बैरसिया **जिला :- भोपाल**

सुठालिया सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत प्रभावित डूब क्षेत्र की भूमि का भू-अर्जन प्रस्ताव, ग्राम - धूतखेड़ी

स.क्र.	विवरण	भूमि का रकबा (हेक्टेयर में)	
		कुल रकबा	प्रभावित रकबा
1.	सुठालिया सिचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में प्रभावित ग्राम - धूतखेड़ी की भूमि की आवश्यकता.	0.405	0.020
	कुल योग :	0.405	0.020

-: अनुसूची (2) :-

स. क्र.	नाम कृषक, पिता का नाम जाति, ग्राम	सर्वे नंबर	कुल रकबा (हेक्टेयर में)	प्रभावित रकबा (हेक्टेयर में)	अर्जित भूमि का प्रकार
1.	रामप्रसाद पुत्र बक्सू जाति बसौड़ पता धूतखेड़ी बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी	2/1/1/4	0.405	0.020	कृषि
		कुल 1 किता	0.405	0.020	
	महायोग	कुल 1 किता	0.405	0.020	

भूमि के नक्शे (प्लान) आदि का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी (राजस्व) बैरसिया जिला भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है।

स्थान : भोपाल
दिनांक : 22/12/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(कौशलेन्द्र विक्रम सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
राजस्व विभाग,
जिला - भोपाल (म.प्र.)

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
बैरसिया, जिला भोपाल

G23866/25

कार्यालय रोगी कल्याण समिति, सामु.स्वा. केन्द्र
अस्पताल, श्यामपुर, जिला सीहोर

क्र./रो.क.स./.../365/2025 **दिनांक 30/12/2025**

निविदा विज्ञप्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामु.स्वा. केन्द्र श्यामपुर में ई-पंजीयन ओ.पी.डी. आई.पी.डी. हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत जानकारी हेतु रु. 500/- आवेदन सहित शुल्क जमा कर निविदा फार्म प्राप्त किए जा सकते हैं. निविदा फार्म एवं शर्तें कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जा सकते हैं.

निविदा फार्म प्राप्त करने की प्रारंभिक तारीख 15/1/2026 से तारीख 18/1/2026 शाम 5 बजे तक है. निविदा फार्म कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तारीख 18/1/2026 शाम 5 बजे तक, निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा.

मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी
रोगी कल्याण समिति
सामु.स्वा. केन्द्र, श्यामपुर

G23831/25

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा
राजधानी संभाग क्र.-3, लोक निर्माण विभाग
ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, फोन- 0755-2463894

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

क्र.	सिस्टम टेंडर नं.	एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	1. कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अवधि	ठेकेदारो की श्रेणी
1,	2025_सी.पी.ए._471951	83/25-26 दि. 30/12/2025	विधायक विश्राम गृह खंड क्र. 3 एव एन-1 का विद्युत नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य.	रु. 1998874	रु. 39977	रु. 2000	04 माह	लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदाकार
2.	2025_सी.पी.ए._471952	84/25-26 दि. 30/12/2025	विधानसभा भवन में समय-समय पर आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य जैसे पेंटिंग एवं अन्य वार्षिक संधारण कार्य.	रु. 1978339	रु. 39567	रु. 2000	12 माह	--,,--
3.	2025_सी.पी.ए._471853	85/25-26 दि. 30/12/2025	विधायक विश्रामगृह खंड क्र. 2 एवं एन-2 का विद्युत नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य.	रु. 1906121	रु. 38122	रु. 2000	04 माह	--,--
4.	2025_सी.पी.ए._471955	86/25-26 दि. 30/12/2025	विधायक विश्राम गृह में वार्षिक संधारण के अन्तर्गत नवीन पारिवारिक खंड-1 एवं 2 (एन-1 व एन-2) का सीवेज ड्रेनेज सिस्टम नवीनीकरण एवं अन्य लघु सुधार कार्य.	रु. 1986000	रु. 39720	रु. 2000	06 माह	--,--
5.	2025_सी.पी.ए._471956	87/25-26 दि. 30/12/2025	विधानसभा भवन के मान. मंत्री कक्ष, मीटिंग हॉल, गैलरी एवं अन्य क्षेत्रों का विद्युतीकरण कार्य.	रु. 1945398	रु. 38908	रु. 2000	06 माह	--,--
6.	2025_सी.पी.ए._471957	88/25-26 दि. 30/12/2025	विधायक विश्राम गृह के विद्युत अधिष्ठापनों का एक वर्ष के लिए संधारण कार्य.	रु. 8799768	रु. 87998	रु. 10000	12 माह	--,--
7.	2025_सी.पी.ए._471958	89/25-26 दि. 30/12/2025	विधायक विश्राम गृह के विभिन्न खंडों में वॉटर कूलर के समीप स्थित 5-स्टेज वॉटर कम प्यूरीफायर का वार्षिक संधारण कार्य	रु 760326	रु. 15207	रु. 2000	12 माह	--,--
8.	2025_सी.पी.ए._471959	90/25-26 दि. 30/12/2025	विधायक विश्राम गृह खंड अ, ब, स, गैरेज का विद्युत नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य.	रु. 1990422	रु. 39808	रु. 2000	06 माह	--,--
9.	2025_सी.पी.ए._471960	91/25-26 दि. 30/12/2025	विधायक विश्राम गृह के अधीन माननीय विधायक महोदयों के सूट्स/ बंगलों के पर्दे, ब्लैकेट्स, सोफासेट का ड्राइक्लीनिंग एवं हॉट आयरन, कुर्सियों गोदरेज अल्मीरा का सुधारएवं स्प्रे पेंटिंग आदि कार्य	रु. 594976	रु. 11900	रु. 2000	06 माह	--,,--
10.	2025_सी.पी.ए._471961	92/25-26 दि. 30/12/2025	विधानसभा भवन में सचिव कक्ष, सेक्शन ऑफिस, लॉबी बाह्य परिसर एवं अन्य क्षेत्रों का विद्युतीकरण कार्य.	रु. 1978616	रु. 39572	रु. 2000	06 माह	--,--

1, उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (Tender Documents) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा. 2. निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि दिनांक 5/1/2026 से दिनांक 15/1/2026 सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है. 3. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी वेबसाइट में देखी जा सकती है. 4. निविदा से संबंधित आवश्यक अभिलेख केवल ऑनलाइन ही प्राप्त किए जा सकेंगे. यदि आवश्यक हो तो केवल निविदाकार स्वयं कार्यालय में जाकर स्थल का अवलोकन कर सकता है.

कार्यपालन यंत्री
भवन नियंत्रक विधानसभा
राजधानी संभाग क्र. 3, लोक निर्माण विभाग
ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, फोन- 0755-2463894

G23887/25

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के संग एकीकृत)
(CIN: L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन: +91 44 4564 4000, **फैक्स:** +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

सार्वजनिक सूचना
स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उसके द्वारा प्राप्त स्वर्ण आभूषण के विरुद्ध ऋण सुविधा के लिए बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है. चूंकि उधारकर्ता सुविधा के तहत बकाया राशि चुकाने में विफल रहा है. हम **13/1/2026** को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं. यदि इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के निम्नलिखित खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है. इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

ऋण खाता संख्या	ग्राहक का नाम	शाखा का नाम
169044818	विनोद गौर	भोपाल
173774033	शुभम सराठे	बैतूल रूरल
171647518	मनोज ठाकुर	पिपरिया रूरल
171914444	प्रमोद अहिरवार	होशंगाबाद रूरल
170356077	सुरेन्द्र साहू	होशंगाबाद रूरल
161818508	अंश यादव	भोपाल रायसेन रोड रूरल

नीलामी 13/1/2026 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक https://idfcegold.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन / 13/1/2026 को दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक http://gold.samil.in के माध्यम से आयोजित की जाएगी. इस प्रकाशन के माध्यम से संबंधित उधारकर्ताओं को अंतिम सूचना और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे निर्धारित नीलामी तिथि से पहले सुविधा वापस ली गई राशि, सभी ब्याज और शुल्कों के साथ चुका दें, अन्यथा आभूषण की नीलामी की जाएगी. कृपया ध्यान दें कि यदि समय सीमा के कारण नीलामी उसी दिन पूरी नहीं होती है तो बैंक अगले 7 दिनों के भीतर उन्हीं नियमों और शर्तों पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की फिर से नीलामी करेगा.

दिनांक- 5/1/2026, स्थान- मध्य प्रदेश